**प्रेस नोट संख्या- 13**
**दिनांक 12.10.2025**
**सराहनीय कार्य थाना गौरीगंज**
**अवैध पटाखे विक्रय करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा में पटाखे बरामद।**

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 11.10.2025 को चौक बाजार कस्बा गौरीगंज से अवैध पटाखे बिक्री करने वाले 01 अभियुक्त सौरभ पुत्र जीतलाल निवासी वार्ड नं0 23 मोहल्ला चौक बाजार कस्बा व थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 29 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 गत्ते में 90 पीस फुलझड़ी, 120 छोटे अनार, 40 बड़े अनार, 20 छोटी चरखी, 370 बड़ी चरखी, 100 पीस बड़ी राकेट, 40 पीस मीडियम राकेट, 60 पीस छोटी राकेट, 100 पैकेट सीको पटाखा व 01 पॉलीथीन में 29 पैकेट खिलौना बंदूक के पटाखे, 11 पैकेट पॉप पटाखे, 03 पैकेट फुलझड़ी, 01 पैकेट कागज अनार, 06 पीस छोटी चकरी, 19 पीस बड़ी चकरी, 01 पीस सीको पटाखा बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

- सौरभ पुत्र जीतलाल निवासी वार्ड नं0 23 मोहल्ला चौक बाजार कस्बा व थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 29 वर्ष।

**बरामदगी-**

- 02 गत्ते में 90 पीस फुलझड़ी, 120 छोटे अनार, 40 बड़े अनार, 20 छोटी चरखी, 370 बड़ी चरखी, 100 पीस बड़ी राकेट, 40 पीस मीडियम राकेट, 60 पीस छोटी राकेट, 100 पैकेट सीको पटाखे।
- 01 पॉलीथीन में 29 पैकेट खिलौना बंदूक के पटाखे, 11 पैकेट पॉप पटाखे, 03 पैकेट फुलझड़ी, 01 पैकेट कागज अनार, 60 पीस छोटी चकरी, 19 पीस बड़ी चकरी, 01 पीस सीको पटाखा।

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

- मु0अ0सं0 343/25 धारा 5/9ख विस्फोटक अधिनियम थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री श्याम नाराय़ण पाण्डेय थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 राम करन सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. का0 दीप चन्द्र यादव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
4. का0 अमित प्रताप सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
5. का0 जबर सिंह पटेल थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
6. का0 घनश्याम पाल थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।